# प्रादेशिक समाचार
## दिनांक – 06.02.2026 (संध्या–1900 बजे)

**मुख्य समाचार**

1. **प्रधानमंत्री ने परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम में छात्रों से कहा–अपनी तैयारी के तरीके पर रखें पूरा भरोसा, झारखंड के विद्यार्थियों ने समय प्रबंधन, स्वास्थ्य और तनाव मुक्ति जैसे उनके सुझावों को सराहा।**
2. **राज्य में होने वाले नगर निगम चुनाव में नाम वापसी के अंतिम दिन कई उम्मीदवारों ने वापस लिए अपने नामांकन, कल होगा चुनाव चिन्ह का आवंटन।**
3. **वन भूमि घोटाले में एसीबी ने निलंबित आईएएस अधिकारी विनय चौबे के खिलाफ दाखिल की चार्जशीट, गैरमजरूआ जंगल भूमि की अवैध जमाबंदी कराने का है आरोप।**
4. **आइआइटी आइएसएम धनबाद में राज्यपाल ने किया तीन दिवसीय इंडस्ट्री इंस्टिट्यूट इंटरेक्शन कार्यक्रम का शुभारंभ, नवाचार पर दिया जोर।**
5. **जमशेदपुर के कीनन स्टेडियम में रणजी ट्रॉफी क्वार्टर फाइनल के पहले दिन झारखंड की टीम पहली पारी में 235 रनों पर सिमटी, आदित्य सिंह ने बनाये सर्वाधिक 83 रन।**

****************

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज परीक्षा पे चर्चा के 9वें संस्करण के माध्यम से देश भर के करोड़ों छात्रों, शिक्षकों और अभिभावकों से संवाद किया। प्रधानमंत्री ने छात्रों को तनावमुक्त रहने, अपनी अध्ययन शैली पर भरोसा करने और एआई  का उपयोग अपनी ताकत बढ़ाने के लिए करने की सलाह दी।

****************

परीक्षा पे चर्चा के नौवें संस्करण का प्रसारण आज झारखंड में भी किया। रांची समेत राज्यभर के छात्र–छात्राओं ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को गंभीरता से सुना। दुमका के सिदो कान्हू हाई स्कूल के विद्यार्थियों ने इसे आत्मविश्वास बढ़ाने वाला अनुभव बताया।

****************

खूंटी के कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय की छात्राओं ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम में बढ़–चढ़कर हिस्सा लिया। छात्राओं ने समय प्रबंधन, स्वास्थ्य और तनाव मुक्ति जैसे सुझावों को सराहा। शिक्षकों ने भी इस कार्यक्रम को छात्रों के लिए मानसिक मजबूती देने वाला बताया।

****************

सिमडेगा के स्कूल ऑफ एक्सीलेंस में भी विद्यार्थियों ने श्री मोदी के परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम को बड़े उत्साह के साथ देखा।

****************

उधर, जामताड़ा के जवाहर नवोदय और केंद्रीय विद्यालयों में छात्रों व शिक्षकों ने प्रधानमंत्री मोदी की श्परीक्षा पे चर्चा सुनी। छात्रों ने प्रधानमंत्री के संवाद को प्रेरणादायक और उत्साहवर्धक बताया।

****************

रामगढ़ के विभिन्न विद्यालयों में भी छात्रों ने परीक्षा पे चर्चा का 9वां संस्करण देखा। गांधी मेमोरियल स्कूल की छात्राओं ने कहा कि प्रधानमंत्री के सुझावों से वे भयमुक्त होकर परीक्षा देने के लिए प्रेरित हुई हैं।

****************

उधर, गोड्डा के पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय में भी परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम का प्रसारण किया गया। इसे लेकर छात्रों में खासा उत्साह देखा गया।

****************

राज्य में होने वाले नगर निगम चुनाव में नाम वापसी के अंतिम दिन आज कई उम्मीदवारों ने अपने नामांकन वापस ले लिये। रांची में  स्क्रूटनी के बाद कुल 19 प्रत्याशी मैदान में थे लेकिन  8 उम्मीदवारों के नाम वापस लेने के बाद अब मेयर पद के लिए केवल 11 प्रत्याशी चुनाव मैदान में हैं। नाम वापस लेने वाले प्रत्याशियों में भाजपा और झामुमो के कई बागी नेता भी शामिल हैं। उधर, धनबाद नगर निकाय चुनाव में झामुमो समर्थित प्रत्याशी नीलम मिश्रा और बिभा सिंह ने अपना नामांकन वापस ले लिया है। अब झामुमो पूर्व मेयर चन्द्रशेखर अग्रवाल का समर्थन करेगा।

साहिबगंज नगर परिषद चुनाव में अध्यक्ष पद के लिए सभी 18 प्रत्याशी मैदान में डटे हुए हैं। नाम वापसी की समय सीमा खत्म होने तक किसी ने भी पर्चा वापस नहीं लिया। निर्वाची पदाधिकारी गौतम भगत ने उम्मीदवारों के साथ बैठक कर उन्हें आदर्श आचार संहिता के कड़ाई से पालन के निर्देश दिए हैं।

इस बीच हजारीबाग नगर निगम चुनाव के लिए झामुमो ने मेयर प्रत्याशी विकास राणा को समर्थन दिया है। समर्थन मिलने पर उन्होंने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का आभार जताया।

****************

हजारीबाग वन भूमि घोटाले में एसीबी ने निलंबित आईएएस अधिकारी विनय चौबे के खिलाफ विशेष अदालत में चार्जशीट दाखिल कर दी है। श्री चौबे फिलहाल भ्रष्टाचार के आरोपों में जेल में बंद हैं। उनपर डीसी रहते हुए वन संरक्षण अधिनियम का उल्लंघन कर गैरमजरूआ जंगल भूमि की अवैध जमाबंदी कराने और आपराधिक साजिश रचने का आरोप है।

****************

आइआइटी आइएसएम धनबाद में आज से तीन दिवसीय इंडस्ट्री इंस्टिट्यूट इंटरेक्शन कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। मुख्य अतिथि राज्यपाल संतोष गंगवार ने नवाचार पर जोर देते हुए कहा कि क्रिटिकल और रेयर अर्थ मिनरल्स के क्षेत्र में नई तकनीक और रिसर्च देश की प्रगति के लिए अत्यंत आवश्यक है।

****************

ईमेल के जरिए रांची सिविल कोर्ट में बम रखने की धमकी के बाद झारखंड जगुआर के बम निरोधक दस्ते ने सघन तलाशी अभियान चलाया, जिसमें कोई भी संदिग्ध वस्तु नहीं मिली। पुलिस ने आधिकारिक तौर पर इस धमकी को अफवाह करार दिया है।

****************

दक्षिण पूर्व रेलवे ने होली पर यात्रियों की सुविधा के लिए टाटानगर से कटिहार और बक्सर के लिए सीधी स्पेशल ट्रेनें चलाने की अधिसूचना जारी की है। देशभर में कुल 1 हजार 410 विशेष फेरे लगाए जाएंगे। इसके अलावा रांची, संतरागाछी और शालीमार से भी यूपी–बिहार के लिए ट्रेनें चलेंगी।

****************

जमशेदपुर के कीनन स्टेडियम में रणजी ट्रॉफी क्वार्टर फाइनल के पहले दिन झारखंड की टीम पहली पारी में 235 रनों पर सिमट गई। आदित्य सिंह ने सर्वाधिक 83 रन बनाए। दिन का खेल खत्म होने तक उत्तराखंड ने बिना विकेट खोए 4 रन बना लिए हैं।

********समाप्त*********